Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 20-04-2005

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

Title: Need to accord the status of a Central University to Patna University in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : उपाध्यक्ष महोदय, पटना विश्वविद्यालय बिहार का ऐतिहासिक पहला विश्वविद्यालय है जो कि बिहार राज्य की राजधानी पटना में अवस्थित है। यहां के इकोनॉमिक्स एवं अन्य विभागों की पढ़ाई की तो विदेशों तक में चर्चा रहती है। क्वालिटी एजुकेशन के मामले में पटना विश्वविद्यालय की अपनी एक अलग ही पहचान है। पटना विश्वविद्यालय को अगर केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दे दिया जाए तो इसकी विशेाता और भी हो जाएगी। साथ ही साथ बिहार को भी एक गौरव प्रदान होगा।

अतः मैं सदन के माध्यम से माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूँ कि पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करें जिससे इस प्राचीन विश्वविद्यालय का उत्थान हो सके।